)7
6

# जिल्ला शिक्षणाधिकारी कार्यालय, अहमदाबाद शहर
## एवं
# परीक्षा संकलन समिति, अहमदाबाद शहर
## प्रि-बोर्ड परीक्षा - 2025

दिनांक : 18-01-25 **कक्षा 10**

समय : 8:00 से 11:15 **हिन्दी (FL) 02 (H)** कुल अंक : 80

निर्देश : (1) इस प्रश्नपत्र में कुल चार विभाग है ।
(2) सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य हैं ।
(3) सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए ।

---

### विभाग - A (गद्य विभाग)

❖ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए ।** [5]

(1) रामवृक्ष बेनीपुरी का जन्म किस राज्य में हुआ था ?
(A) बंगाल (B) उत्तरप्रदेश (C) बिहार (D) राजस्थान

(2) नेताजी की मूर्ति पर चश्मा बार-बार कौन बदल देता था ?
(A) पानवाला (B) मूर्ति बनानेवाला अध्यापक
(C) कैप्टन (D) हालदार साहब

(3) लेखिका की बड़ी बहन का नाम क्या था ?
(A) सुशीला (B) कमला (C) अनीता (D) प्रभा

(4) यतिन्द्र मिश्रजी ने भारत के किस शहर को संस्कृति की पाठशाला कहा है ?
(A) काशी (B) मथुरा (C) दिल्ली (D) मुम्बई

(5) यशपाल का जन्म कौन-सी ई.स. में हुआ था ?
(A) 1900 (B) 1903 (C) 2003 (D) 1905

❖ **सही जोड़े मिलाइए ।** [5]

| रचनाकार | रचना |
|---|---|
| (6) मन्नू भंडारी | (A) नौबतखाने में इबादत |
| (7) यतीन्द्र मिश्र | (B) एक कहानी यह भी |
| (8) यशपाल | (C) नेताजी का चश्मा |
| (9) स्वयं प्रकाश | (D) लखनवी अन्दाज |
| (10) रामवृक्ष बेनीपुरी | (E) संस्कृति |
| | (F) बालगोबिन भगत |

❖ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए ।** [2]

(11) डुमराव को क्यों याद किया जाता है ?

(12) हालदार साहब हमेशा कहाँ रुकते थे ?

❖ निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए । [6]

(13) बालगोबिन भगत कबीर के अनुयायी थे । स्पष्ट कीजिए ।

(14) संस्कृति सभ्यता को किस प्रकार प्रभावित करती है ?

(15) बिस्मिल्ला खाँ ने अपने साक्षात्कारों में क्या स्वीकार किया है ?

(16) किन कारणों से लेखिका के मन में हीन भावना पैदा हो गई ?

❖ निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर छः-सात वाक्यों में लिखिए । [4]

(17) पानवाला कैसा आदमी था ? वह हालदार साहब का प्रश्न सुनकर क्या बोला ?

**अथवा**

(17) 'एक कहानी यह भी' लेखिका के जीवन-संघर्ष की कहानी है । स्पष्ट कीजिए ।

❖ निम्नलिखित गद्यांश की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए । [3]

(18) 'मानव की जो योग्यता उससे आत्मविनाश के साधनों का आविष्कार करती है, हम उसे संस्कृति कहें या असंस्कृति ?'

**अथवा**

(18) हाँ गाते गाते कभी पतोहू के नजदीक भी जाते और उसे रोने के बदले उत्साह मनाने को कहते ।

## विभाग - B (पद्य विभाग)

❖ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए । [5]

(19) 'भृगुसुत' किसके लिए कहा गया है ?

(A) उद्धव (B) कृष्ण (C) बलराम (D) सुदामा

(20) 'मधुप' शब्द का अर्थ लिखो ।

(A) तितली (B) भौरा (C) जुगनू (D) पतिंगा

(21) 'आत्मकथ्य' के रचयिता जयशंकर प्रसाद का जन्म कहाँ हुआ था ?

(A) वाराणसी (B) आगरा (C) मथुरा (D) अलीगढ़

(22) संगीतकार मुख्य गायक के साथ कैसे स्वर का साथ देता है ?

(A) भारी (B) हल्का (C) ऊँचा (D) नीचा

(23) माँ की अंतिम पूँजी क्या थी ?

(A) धन (B) लड़की (C) लड़का (D) घर

❖ कोष्टक में दिए गए विकल्पों में से उचित विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए । [5]

(24) गुनगुनाकर ................ अपनी बात कह जाता है । (मधुप, कोयल, कौआ)

(25) मिला कहाँ वह सुख जिसका मैं स्वप्न देखकर ................ ।

(भाग गया, जाग गया, खुश हो गया)

(26) सेवक वह होता है जो ................ करता है । (सेवा, शत्रुता, मित्रता)

(27) 'छाया' शब्द का अर्थ बीते समय की ................ स्मृतियों से है ।

(सुखद, दुःखद, विस्मयादि)

(28) सूरदास ने 'अबला' ................ को कहा है । (उद्धव, गोपियों, बलराम) 24

❖ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक एक वाक्य में लिखिए ।** [2]

(29) परशुराम ने सभा से किस कार्य का दोष उन्हें न देने को कहा ?

(30) हारिल पक्षी की क्या विशेषता होती है ?

❖ **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए ।** [6]

(31) गोपियों के अनुसार राजधर्म क्या होना चाहिए ?

(32) कवि ने फसल को नदियों के जल का जादू क्यों कहा है ?

(33) 'उत्साह' कविता में बादल किन-किन अर्थों की ओर संकेत करता है ?

(34) कवि ने शिशु और उसकी माँ को धन्य क्यों कहा है ?

❖ **निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर छः-सात वाक्यों में लिखिए ।** [4]

(35) 'वह दंतुरित मुसकान' कविता के आधार पर शिशु की मुसकान के प्रभाव का वर्णन कीजिए।

**अथवा**

(35) साहस को शक्ति के साथ विनम्रता हो तो बेहतर है - इस कथन पर अपने विचार लिखिए।

❖ **निम्नलिखित पद्यांश की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए ।** [3]

(36) किंतु कहीं ऐसा न हो कि तुम ही खाली करने वाले
अपने को समझो मेरा रस ले, अपनी भरने वाले

**अथवा**

(36) सुर महिसुर हरिजन अरु गाई ।
हमरे कुल इन्ह पर न करे सुराई ॥
बधें पापु अपकीरति हारें ।
मारतहू पा परिअ तुम्हरे ॥

**विभाग : C ( व्याकरण विभाग )**

❖ निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए: [2]

(37) तृष्णा

(38) समीर

❖ निम्नलिखित सामासिक शब्दों का विग्रह करके समास का नाम लिखिए: [2]

(39) नीलकंठ

(40) शताब्दी

❖ निम्नलिखित शब्दसमूहों के लिए एक-एक शब्द लिखिए: [2]

(41) पूरब से बहनेवाली हवा

(42) माँ द्वारा सुनाया जानेवाला गीत

❖ निम्नलिखित वाक्यों में से निपात ढूँढ़कर लिखिए: [2]

(43) सभ्यता संस्कृति का ही परिणाम है ।

(44) ड्राइवर भी बेचैन हो रहा था ।

❖ निम्नलिखित वाक्यों में से क्रियापद ढूँढ़कर लिखिए । [2]

(45) रोहित कल रेलगाड़ी में बैठेगा ।

(46) बेटे ने नृत्य में अपनी रुचि नहीं दिखाई

❖ निम्नलिखित कहावत का अर्थ लिखिए : | 1 |

(47) थोथा चना बाजे घना ।

❖ निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए : | 4 |

(48) जीवन होम देना

(49) दो टूक बात करना

## विभाग : D (लेखन विभाग)

❖ पत्र : | 3 |

(50) श्री शारदे विद्यालय, वडोदरा में 'ग्रंथपाल' पद हेतु अपना आवेदन पत्र लिखिए ।

❖ **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।** | 4 |

जापान जाने का अवसर मिला, तब हिरोशिमा भी गया और वह अस्पताल भी देखा जहाँ रेडियम-पदार्थ से आहत लोग वर्षों से कष्ट पा रहे थे । इस प्रकार प्रत्यक्ष अनुभव भी हुआ - पर अनुभव से अनुभूति गहरी चीज है, कम-से-कम कृतिकार के लिए । अनुभव तो घटित का होता है, पर अनुभूति संवेदना और कल्पना के सहारे उस सत्य को आत्मसात् कर लेती है जो वास्तव में कृतिकार के साथ घटित नहीं हुआ है । जो आँखों के सामने नहीं आया, जो घटित के अनुभव में नहीं आया, वही आत्मा के सामने ज्वलंत प्रकाश में आ जाता है, तब वह अनुभूति प्रत्यक्ष हो जाता है । तो हिरोशिमा में सब देखकर भी तत्काल कुछ लिखा नहीं, क्योंकि इसी अनुभूति की प्रत्यक्ष कसर थी ।

प्रश्न :

(51) लेखक ने जापान में क्या देखा ?

(52) लेखक के अनुसार अनुभव और अनुभूति में क्या अंतर है ?

(53) लेखक के अनुसार अनुभूति प्रत्यक्ष कब हो जाती है ?

(54) लेखक ने हिरोशिमा के विषय में तत्काल क्यों नहीं लिखा ?

❖ **निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 250 शब्दों में निबंध लिखिए ।** [ 8 ]

(55) (अ) भारत की वर्तमान समस्याएँ

(ब) विज्ञान के बढ़ते चरण

(क) आधुनिक नारी तथा समाज

(ड) जीवन में खेलों का महत्त्व